बिहार सरकार

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

संoसंo–मंoमंo–01/मंत्रिपरिषद्–01/2021..102..पटना–15, दिनांक..30.07.2026

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार, (ले० एवं ह०)
वीरचंद पटेल मार्ग, पटना

विषय – **राज्य में ई–कैबिनेट प्रणाली लागू करने तथा इस हेतु बिहार वित्त (संशोधन) नियमावली, 2024 के नियम–131 ञ (त) के आलोक में नामांकन के आधार पर NIC (राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र) का चयन एवं कार्य आवंटन की स्वीकृति के संबंध में।**

आदेश – स्वीकृत।

2. राज्य में ई–कैबिनेट प्रणाली लागू करने तथा इस हेतु बिहार वित्त (संशोधन) नियमावली, 2024 के नियम–131 ञ (त) के आलोक में नामांकन के आधार पर NIC (राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र) का चयन एवं कार्य आवंटन की स्वीकृति दी जाती है।

3. राज्य में ई–कैबिनेट प्रणाली लागू किये जाने से पूर्णतः सुरक्षित डिजिटल तकनीक आधारित तथा कागज रहित होगा। इससे प्रशासनिक समय, परिचालन लागत तथा मानव–श्रम की बचत होगी एवं तेज तथा पारदर्शी कार्यप्रणाली विकसित होगी।

4. NIC द्वारा उपलब्ध कराये गये परियोजना प्रतिवेदन के अनुसार सॉफ्टवेयर के रख–रखाव, संवर्द्धन एवं परिचालन सहायता सहित 01 वर्ष में लगभग ₹70,22,652/–(सत्तर लाख बाईस हजार छः सौ बावन रूपये) का व्यय होगा।

5. यह व्यय बजट मांग संख्या–04 मुख्य शीर्ष–2052–सचिवालय सामान्य सेवाएँ–090– सचिवालय–0024, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के विपत्र कोड–04–2052000900024 के अन्तर्गत विस्तृत शीर्ष–13–कार्यालयी व्यय विषय शीर्ष–01–कार्यालय मद में वित्तीय वर्ष 2026–27 में बी०सी०एफ०/द्वितीय अनुपूरक आगणन द्वारा उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।

6. इसकी निकासी, उप सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग करेंगे।

7. प्रस्ताव में दिनांक–29.07.2026 को आयोजित मंत्रिपरिषद् की बैठक के मद संख्या–12 के रूप में स्वीकृति प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

30/07/26

(अरविन्द कुमार वर्मा)
सरकार के विशेष सचिव

E:\Ravi Backup\cabinet ravi\old file\sunil Kr..doc

149

ज्ञापांक–*मं०मं०–01/मंत्रिपरिषद्–01/2021.1021..पटना–15, दिनांक 30.07., 2026*

प्रतिलिपि – कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/07/26

(अरविन्द कुमार वर्मा)
सरकार के विशेष सचिव

ज्ञापांक–*मं०मं०–01/मंत्रिपरिषद्–01/2021.1021..पटना–15, दिनांक 30.07., 2026*

प्रतिलिपि – राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव/मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव/सभी मंत्रिगण के आप्त सचिव/मुख्य सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव/विकास आयुक्त के प्रधान आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/विभागाध्यक्ष, सभी विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/07/26

(अरविन्द कुमार वर्मा)
सरकार के विशेष सचिव

ज्ञापांक–*मं०मं०–01/मंत्रिपरिषद्–01/2021.1021..पटना–15, दिनांक 30.07., 2026*

प्रतिलिपि – उप महानिदेशक–सह–राज्य सूचना विज्ञान पदाधिकारी, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, एन०आई०सी० सूचना भवन परिसर, बेली रोड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/07/26

(अरविन्द कुमार वर्मा)
सरकार के विशेष सचिव